**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 170/2021**
**Dt-11-6-2021**

Dist 11/06/21

**सचिव,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**बिहार, पटना।**

विषयः— **राज्य योजना (नाबार्ड) अंतर्गत मधुबनी जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल झंझारपुर के अधीन मधेपुर प्रखंड में खजुरी से दलदल पथ में मटकोरवा के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण कार्य कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन खजुरी से दलदल पथ में मटकोरवा के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान नया पुल निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति राज्य योजना (नाबार्ड) अंतर्गत प्राप्त है। पुल की लम्बाई 60.87 मीटर एवं प्राक्कलित राशि 355.35 लाख रूपये है।

उक्त योजना का निविदा प्रथम बार माह सितम्बर 2020 में प्रकाशित की गयी थी। ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.9.2020 थी, परन्तु किसी कारणवश दिनांक 15.1.2021 तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही में निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निर्माण आमंत्रित करने हेतु निदेश दिया गया। जिसके आलोक में पुनः उक्त योजना का पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया।

उक्त योजना का पुनर्निविदा माह फरवरी 2021 में आमंत्रित की गई, जिसका निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RWD/JHANJHARPUR/RAJYA YOJNA/ET/14/2020-21 एवं ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 17.2.2021 थी। वर्त्तमान में उक्त निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा द्वारा संपन्न कराकर अग्रेतर कार्रवाई हेतु पत्रांक 1038 अनु0 दिनांक 25.5.2021 द्वारा नोडल पदाधिकारी, राज्य योजना (नाबार्ड), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को भेजा गया है, वह आज भी लंबित है।

परवलपुर पंचायत के लगभग 10 हजार से अधिक की आबादी को इस पुल से मधेपुर प्रखंड मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालय जाने का एकमात्र रास्ता है। दूसरे रास्ते से आवागमन करने पर लगभग 15—20 कि0मी0 अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे स्थानीय निवासियों को खासकर रोगियों को लगभग 4 वर्षों से परेशानी उठानी पड़ रही है, यह क्षेत्र बाढ़ अति प्रवन्न क्षेत्र है।

अतः अनुरोध है कि खजुरी से दलदल पथ में मटकोरवा के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण की उक्त योजना को कार्यान्वित कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ,**

भवदीय

Nitish Mishra

**(नीतीश मिश्रा)** 11·6·21

**संलग्न—यथोक्त।**

**112, कौटिल्य नगर, पटना 800014**
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in